AnandNiketan
Maninagar Campus

Grade : VIII	Subject : Hindi	Section:- ___________
Date : 19/07/19	Periodic Test-I	Practice Worksheet

Syllabus for Periodic Test-I	Periodic Test-I-20 Marks	
साहित्य १.भारत का संदेश २.तीन सवाल **व्याकरण** १.भाषा, लिपि और व्याकरण १२ विराम-चिहन (रचनात्मक अभिव्यक्ति)	Notebook Submission- 10 Marks	Dictation -15 Marks A S L - 5 Marks

खंड-क

प्रश्न- १ निम्नलिखित गदयांश को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर लिखिए-

कालिदास उसी डाली को काट रहे थे, जिस डाली पर बैठे थे। विदयोत्तमा नामक विदुषी राजकन्या का मान भंग करने का षडयंत्र कर रहे तथाकथित विदवान वर्ग को वह व्यक्ति (कालिदास) सर्वाधिक जड़मति और मूर्ख लगा। सो वे उसे ही कुछ लोभ-लालच दे ,कुछ ऊटपटाँग सिखा-पढ़ा, महापंडित के वेश में सजा-धजाकर राजदरबार में विदुषी राजकन्या विदयोत्तमा से शास्त्रार्थ करने के लिए ले गए। उस मूर्ख के ऊटपटाँग मौन संकेतो की मनमानी व्याख्या कर षडयंत्रकारियों ने उस विदुषी से विवाह करा ही दिया, लेकिन प्रथम रात्रि में ही वास्तविकता प्रकट हो जाने पर पत्नी के ताने से घायल होकर ज्यों घर से निकल, तो कठिन परिश्रम और निरंतर साधना रूपी रस्सी के आने-जाने से घिस-पिटकर महाकवि कालिदास बनकर घर लौटे। स्पष्ट है कि निरंतर अभ्यास ने तपाकर उनकी जड़मति को पिघलाकर बहा दिया और जो बाकी बचा था, वह खरा सोना था।

संसार के इतिहास में और भी इस प्रकार के कई उदाहरण खोजे एव दिए जा सकते हैं। हमें अपने आसपास के प्रायः सभी जीवन क्षेत्रों में इस प्रकार के लोग मिल जाते हैं कि जो देखने-सुनने में निपट अनाड़ी और मूर्ख प्रतीत होते है। वे अकसर इधर-उधर मारे-मारे भटकते भी रहते हैं, फिर भी हार न मान वह अपनी सुनियोजित भटकन अनवरत जारी रखा करते हैं। तब एक दिन ऐसा भी आ जाता है कि जब अपने अनवरत अध्यवसाय से निखरा उनका रंग-रूप देखकर प्रायः दंग रह जाना पड़ता है।

(क) कौन-से वर्ग ने कालिदास को जड़मति या मूर्ख समझा?

(ख) निपट अनाड़ी व्यक्ति किस प्रकार बुदधिमान के रूप में निखर आता है?

(ग) 'राजकन्या' और 'महापंडित' शब्दों का समाह-विग्रह कीजिए और समास का नाम बताइए।

(घ) 'सुनियोजित' शब्द में से उपसर्ग तथा प्रत्यय अलग कीजिए।

(ड) इस गदयांश का उचित शीर्षक बताइए।

(च) राजकन्या का क्या नाम था?

खंड-ख

प्रश्न-२ निम्नलिखित प्रश्नों के एक वाक्य में उत्तर लिखिए-

१. भाषा के दो रूप कौन-कौन से है?

२. अल्पविराम का प्रयोग कहाँ किया जाता है?

३ लिपि की परिभाषा लिखें।

४ हंसपद का प्रयोग कैसे किया जाता है?

प्रश्न-३ दिए गए संकेतों के आधार पर रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए-

(राजभाषा, हिंदी, अंतर्देशीय, शब्द-विचार, देवनागरी,)

१ कोंकणी की लिपि ------ है।

२. हिंदी अब ------ भाषा बन गई है।

३. 14 सितंबर, 1949 को हिंदी को ----- के रूप में मान्यता दी गई।

४. भारत में सबसे अधिक लोगों की भाषा ---- है।

५ ----- में भाषा के शब्दों, उनके रूप, अर्थ आदि का वर्णन किया जाता है।

प्रश्न-४ निम्नलिखित वाक्यों में उपयुक्त विराम-चिहन लगाएँ-

१. योग प्राणायाम व्यायाम आदि स्वास्थ्य के लिए महत्वपूर्ण है।

२. दिल्ली अत्यंत भीड़ भाड़वाला शहर है इसमें बसों कारों तथा अन्य वाहनों का इतना शोर होता है कि हमारा जीवन दूभर हो गया है

३ अध्यापक ने समझाया समय पर कार्य करने की आदत अच्छी होती है

खंड-ग

प्रश्न- ५ निम्नलिखित शब्दों के अर्थ देकर वाक्य में प्रयोग करें-

१. स्वतंत्र २. वैदय ३. संपत्ति ४ प्रेम ५ स्वतंत्र

प्रश्न- ६ निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए-

१. राजा ने साधु का क्या कार्य किया?

२. कविता में मनुजता को क्या सिखलाने की बात कही गई है?

प्रश्न- ७ निम्नलिखित प्रश्नों कें उत्तर विस्तार से लिखिए-

१. 'ऊँच-नीच का भेद नहीं कुछ, सदगुण का होता सन्मान' पंक्ति से कवि का क्या आशय है?

२. राजा के मन में कौन-से तीन सवाल उठे?

खंड-घ

प्रश्न-८ क्रिकेट मैच को लकर दो मित्रों के बीच के संवाद लिखें ।